नगर पालिका ने काटा गढ़ीवा नाले में लगा बंधा

खुलते ही खत्म हुआ कई मोहल्लों में जलभराव

अमर उजाला ब्यूरो

फतेहपुर। आखिर नगर पालिका परिषद को गढ़ीवा नाले में लगा बंधा काटना ही पड़ा। बंधा खुलते ही पानी से लबालब नाला खाली हो गया है और कई मोहल्लों के अंदर की सीसी सड़कों पर भरा पानी निकल गया है।

शहर की आबादी के मध्य की जलनिकासी के लिए गढ़ीवा और झाऊपुर दो प्रमुख नाले हैं। इनमें गढ़ीवा नाले का पक्का निर्माण कराने के लिए जलनिगम ने पखवाड़ा पहले गढीवा मोहल्ले के अंदर बंधा लगा दिया था। बंधा लगा होने के कारण 22 जून को हुई झमाझम बारिश के पानी से नाला ओवरफ्लो होकर पानी बांदा- सागर रोड के ऊपर पहुंच गया था। इतना ही नहीं सहायक नालों में पानी वापस लौटकर आबादी के मध्य की सड़कों पर पहुंच गया था।

गढ़ीवा नाले में आधा काटा गया बंधा।

अमर उजाला ने गढ़ीवा नाले में लगा बंधा बना जलभराव का कारण खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होते ही नगर पालिका परिषद हरकत में आया और स्थिति की भयावहता को देखते हुए अधिशासी अभियंता जलनिगम को पत्र लिखा। गुरुवार शाम जलनिगम और नगर पालिका की टीम गढ़ीवा नाले में बंधा स्थल पर पहुंची और जेसीबी से आधा बंधा काट दिया।

बंधा कटते ही ओवरफ्लो नाला खाली ही नहीं हुआ, बल्कि कई मोहल्लों की लबालब नालियों के साथ सहायक नालों का पानी निकल गया है। जलनिकासी होने पर नगर पालिका परिषद ने राहत की सांस ली है। सफाई निरीक्षक आबिद अली ने बताया कि गढ़ीवा के आगे नाले के पक्के निर्माण में अभी तक शटरिंग लगी है। ऐसी हालत में अभी आधा बंधा काटा गया है। एक- दो दिन बाद शटरिंग निकालने के बाद पूरा बंधा खोल दिया जाएगा।